समाचार

आयुक्त ने दिलाई नैतिक मतदान करने की शपथ

(निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने निर्वाचक नामावली में नाम जुड़वाने, मतदान हेतु प्रोत्साहित करने, नैतिक मतदान करने की ली शपथ)

कोरबा 05 सितम्बर 2019 –आयुक्त श्री राहुल देव ने निगम के अधिकारी कर्मचारियों को निर्वाचक नामावली में घर के सभी पात्र सदस्यों का नाम जुड़वाने, मतदान हेतु सभी को प्रोत्साहित करने तथा नैतिक मतदान करने की शपथ दिलाई।

शासन के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में आज शपथ कार्यक्रम के दौरान आयुक्त श्री राहुल देव ने अधिकारी कर्मचारियों को शपथ दिलाई, शपथ लेते हुए अधिकारी कर्मचारियों ने कहा कि मैं अपने एवं अपने परिवार के 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके सभी सदस्यों का नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज कराऊंगा, मैं आगामी निर्वाचनों में भय एवं लोभ से मुक्त होकर मतदान करूंगा एवं प्रजातांत्रिक व्यवस्था में भागीदारी निभाते हुए एवं अपना नैतिक दायित्व निभाते हुए अन्य सभी व्यक्तियों को भी मतदान करने हेतु अनिवार्य रूप से प्रोत्साहित करूंगा, मैं विशेषकर दिव्यांग मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया में भाग लेने हेतु प्रेरित करूंगा तथा मैं यह प्रतिज्ञा करता हूँ कि मैं नैतिक मतदान ही करूंगा।

इस अवसर पर निगम के अपर आयुक्त अशोक शर्मा, मुख्य लेखाधिकारी पी.आर.मिश्रा, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, निगम सचिव पवन वर्मा, राजस्व अधिकारी रघुराज सिंह, बी.एस.क्षत्रिय, प्रोग्रामर जमुना महापात्रा, कार्यालय अधीक्षक आर.एल.अनंत, नासिर सईद, अरूण मिश्रा, आनंद दुबे, मनोज केशरवानी, जी.एस.चंदेल, भावेश यादव, कमल देवांगन, दिवाकांत जायसवाल, बीना प्रसाद, आभा सिंह, शांतिलाल सोनी, सरस देवांगन, ललिता तिग्गा, हिमांशु राठौर, कपिल श्रीवास्तव, अजय शुक्ला, मनोज श्रीवास आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।